हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 अगस्त 2025

06 सांदीपनि विद्यालय को फर्नीचर उपलब्ध ...



07 कालीतलाई में संपन्न हुआ विश्व हिंदू परिषद...





**खबर संक्षेप**

### म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सीहोर का निर्वाचन संपन्न

**सीहोर।** म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सीहोर का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी राजकुमार चंदेल, सह निर्वाचन अधिकारी अनिल भार्गव (वायु), सम्भागीय अध्यक्ष भोपाल परशुराम दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत अजानिया कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निर्वाचन में कुंदनलाल राय अध्यक्ष, बलराम पंवार सचिव, विनोद जोशी कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष ओ.पी.शर्मा, अनिल शर्मा, अभिषेक भार्गव, देवेन्द्र आर्य, सुरेन्द्र यादव, लखन महेश्वरी, अरूण जोशी, राकेश केलोदिया, संतोष जैन संतु, विवेक दुबे, हरदयाल सिंह आजाद, भूपेन्द्र सिंह, कैलाश सिंह पांचाल, भगवान सिंह राजपूत, सूरज सिंह पंवार, दिनेश शर्मा, जशरथ सिंह ठाकुर, मुकेश सेन, सतीष बैरागी, भानू व्यास, लाड़सिंह बकोदिया, योगेश त्यागी, सरनाथ सिंह राणे, लक्ष्मण सिंह मेवाड़ा, केशरीमल, संतोष आर्य, विनय दुबे, अंकुर शर्मा, मनोज व्यास, बलवीर सिंह शाक्य, विक्रम सिंह मेवाड़ा, नीलू गेहलोत, मधु धामेजा, बविता कुशवाह, रूचि चौरसिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### मेले को लेकर कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक, दिए दिशा निर्देश

# प्राचीन गणेश मंदिर में 27 अगस्त से शुरू होगा 10 दिवसीय भव्य मेला

प्रतिमा स्थापित करने के विशेष शुभमुहूर्त





हरिभूमि न्यूज सीहोर

देशभर में भगवान गणेश के चार प्रमुख मंदिरों में से एक सीहोर के प्रसिद्ध प्राचीन गणेश मंदिर में इस वर्ष गणेश चतुर्थी के पावन पर्व से एक भव्य 10 दिवसीय मेले की शुरुआत होने जा रही है। 27 अगस्त को शुरू होने वाला यह मेला 6 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शनों के लिए आएंगे। मेले के लिए पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। मेले में मनोरंजन के लिए झूले और दुकानें लगाई जाएंगी। मेले में प्रदेश सहित देश भर से ही श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला बना रहता है। भव्य मेले को लेकर दो दिन पहले ही कलेक्टर बालागुरू के. व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बैठक आयोजित कर मेले से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं.

**गणेश चतुर्थी पर बन रहा विशेष शुभ योग :** इस वर्ष गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त बुधवार को मनाया जाएगा, जो कि एक अत्यंत शुभ योग है। बालाजी ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ गणेश शर्मा ने इस अवसर पर गणपति स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त और विधि विधान की जानकारी दी है। पंडित शर्मा के अनुसार चतुर्थी तिथि 26 अगस्त को दोपहर 1.54 बजे से शुरू होकर 27 अगस्त को दोपहर 3.44 बजे समाप्त होगी। गणेश जी का जन्म मध्याह्न काल में हुआ थाए इसलिए 27 अगस्त को यह पर्व मनाना शुभ रहेगा।

#### ऐसे करें गणेश जी की अगवानी

ज्योतिषाचार्य पंडित शर्मा ने बताया कि गणपति स्थापना से पहले उनका घर में मंगल प्रवेश विधि-पूर्वक होना चाहिए।

**स्थापना का शुभ मुहूर्त**

- अमृत मुहूर्त: सुबह 7.33 बजे से 9.09 बजे तक।
- शुभ मुहूर्त: सुबह 10.46 बजे से दोपहर 12.22 बजे तक।
- शाम की पूजा: शाम 6.48 बजे से 7.55 बजे तक।

इसके लिए घर और मंदिर को सजाकर, कुमकुम से स्वस्तिक और हल्दी से चार बिंदियां बनाकर स्थान तैयार करें। मूर्ति लाने से पहले नए वस्त्र पहनें और पीतल या तांबे की थाली साथ ले जाएं।

#### बैठी हुई प्रतिमा लें

पंडित श्री शर्मा ने बताया कि मूर्ति खरीदते समय ध्यान रखें कि गणेश जी बैठे हुए हों, उनके साथ उनका वाहन चूहा और रिद्धि-सिद्धि हों और उनकी सूंड बाईं तरफ हो। मूर्ति का मोलभाव न करें, बल्कि उन्हें निमंत्रित करके दक्षिणा दें। घर के द्वार पर गणपति बप्पा की आरती उतारने के बाद ही उन्हें घर के अंदर ले जाकर स्थापित करें। मान्यता है कि इस विधि से किए गए मंगल प्रवेश से जीवन के सभी विघ्न दूर होते हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

## मछली पुल पर लूट का खौफ पुलिस की फुर्ती से चंद घंटों में दबोचे दोनों शातिर बदमाश

**सीहोर।** व्यस्ततम क्षेत्र मछली पुल पर 21 अगस्त की रात उस समय हड़कंप मच गया जब दो बाइक सवार बदमाशों ने राहगीरों को रोककर नकदी और मोबाइल लूट लिए। फरियादी शिवराज अपने दोस्त बलराम सूर्यवंशी के साथ घर लौट रहा था कि तभी पल्सर बाइक पर आए दो युवकों ने उन्हें धमकाकर 4700 रुपये और दो मोबाइल फोन छीन लिए।

डरे-सहमे शिवराज ने तत्काल थाना कोतवाली पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 591/25 धारा 304(1) BNS में मामला कायम कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदन शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

#### सीसीटीवी से सुराग और गिरफ्तारी

टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार कर ली। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल, नगदी और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की, जिसकी कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई। गिरफ्तार आरोपियों में तरुण मेवाड़ा (19) निवासी चाणक्यपुरी और हरिनारायण भार्गव (32) निवासी शुगर फैक्ट्री के सामने शामिल हैं। खास बात यह है कि हरिनारायण पहले भी हत्या जैसे गंभीर अपराध में जेल जा चुका है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### कुशवाहा समाज आज निकालेगा विशाल चल समारोह

**सीहोर।** कुशवाहा समाज आज अपने इष्टदेव वीर पराक्रमी भगवान लव-कुश का जन्मोउत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। कुशवाहा समाज लवकुश जयंती के उपलक्ष में शहर में सोमवार को भव्य विशाल चल समारोह निकलेगा। कुशवाहा समाज चल समारोह आयोजन समिति ने रविवार को ही भोपाल नाका क्षेत्र में आयोजन की पूरी तैयारी कर ली है। आयोजन समिति के द्वारा चल समारोह निकलने वाले शहर के प्रमुख बाजारों रास्तों सड़कों को बैनर पोस्टर होडिंग से सजा दिया गया है। चल समारोह भोपाल नाका बजरंग मंदिर से सुबह 11 बजे से प्रांरभ होकर कोतवाली चौराहा मेन रोड, पान चौराहा,बड़ा बाजार,अटल बिहारी वाजपेई चौराहा तहसील चौराहा से लव कुश चौराहा होते हुऐ पटेल बाजार स्थित सुंदर गार्डन में पहुंचेगा यहां सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा भगवान लव कुश की पूजा अर्चना की जाएगी और सामाजिक बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

## 2 फ्लाय ओवर ब्रिज का 80 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा

हरिभूमि न्यूज सीहोर

हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बन रहे फ्लायओवर ब्रिज का काम करीब 80 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है। अब यहां रेलवे लाइन के ऊपर भी काम शुरू हो गया है। यदि इसी रफ्तार से काम चलता रहा तो इसी साल इस मार्ग से आवागमन शुरू हो जाएगा।

हालांकि फंदा में बन रहे फ्लायओवर ब्रिज पर निर्माण कार्य के चलते यह मार्ग करीब 7 महीने से बंद है। हाउसिंग बोर्ड के पास 28 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। यह 700 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा होगा। 24 पिलर होंगे। 10 मीटर ट्रैक के ऊपर 7.30 मीटर ऊंचाई है। अब भोपाल जाने की राह ब्रिज बन जाने के बाद और भी आसान हो जाएगी।



### कलेक्टर ने मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करने की अपील

हरिभूमि न्यूज सीहोर

जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उददेश्य से कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों से अपील की है कि गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव तथा महालक्ष्मी पूजन के दौरान मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि मिट्टी से बनीं प्रतिमाएं मिट्टी में ही समाहित हो जाती हैं, इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएँ पानी में घुलकर पर्यावरण को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुँचातीं तथा जल और भूमि को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होती हैं।

उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमा का उपयोग हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर त्यौहार मनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है।

### 30 करोड़ की एफडीआर तकनीक वाली सड़क खस्ताहाल

## दो साल में ही गड्ढों में बदली, 10 साल की गारंटी थी, लगातार हो रहे हादसे



हरिभूमि न्यूज सीहोर

प्रदेश की पहली एफडीआर तकनीक से बनी सीहोर-श्यामपुर सड़क दो साल में ही खराब हो गई है। 30 करोड़ की लागत से बनी 24 किलोमीटर लंबी सड़क में जगह-जगह सैकड़ों गड्ढे हो गए हैं। विभाग का दावा था कि यह सड़क दस साल तक दुरुस्त रहेगी।

2023 में तैयार हुई इस सड़क का बारिश से पहले पेचवर्क कराया गया था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते वह भी उखड़ गया। इससे रोजाना यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

**यात्रियों और किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कत :** यह सड़क जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे से जुड़ती है। कुरावर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, राजगढ़, गुना-ग्वालियर और राजस्थान जाने वाले यात्री इसी मार्ग से गुजरते हैं। सीहोर मंडी क्षेत्र से बिजोरी गांव तक सड़क की हालत सबसे ज्यादा खराब है। किसान, छात्र और सैकड़ों गांवों के लोग गड्ढों वाली सड़क से गुजरने को मजबूर हैं।

**हादसों का खतरा बढ़ा :** गड्ढों की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। रोजाना सफर करने वालों ने कहा कि सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन और खराब होती जा रही है।

**विभाग ने दिया आश्वासन :** एमपीआरडीसी की जीएम सोनल सिन्हा ने बताया कि फिलहाल पेवर ब्लॉक से गड्ढे भरे जाएंगे। बारिश खत्म होने के बाद सड़क का डामरीकरण किया जाएगा।

### प्रथम खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में सीहोर दीपिका ने जीता

**सीहोर।** प्रथम खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 का आयोजन 21 से 23 अगस्त 2025 तक जम्मू-कश्मीर स्थित डल झील श्रीनगर में किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन म. प्र. वाटर स्पोर्ट्स केनो स्लालम और रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने खेल का श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते हुये 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित 11 पदक अपने नाम कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। डल झील पर आयोजित वाटर स्पोर्ट्स मे खिलाड़ियों ने रोमांचक और संघर्षपूर्ण स्पर्धाओं में अपना उच्चतम क्षमता और शारीरिक दक्षता, कौशल का रचनात्मकता के साथ श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है। कुमारी दीपिका ढीमर और कुमारी प्रगति शर्मा ने क्याकिंग केनोइंग के महिला वर्ग सी-2500 मी. में मध्य प्रदेश को रजत पदक दिलाया। कुमारी दीपिका ढ़ीमर भैरूंदा तहसील के मंडी गांव की रहने वाली है। 15 साल की दीपिका ने कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि दीपिका की बड़ी बहन कावेरी ने भी वाटर स्पोर्ट में अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।



### कार्यक्रम में आठवीं कक्षा तक के लगभग 25-30 बच्चों ने भाग लिया

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर द्वारा बच्चों व युवाओं की सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सीहोर




अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर ने बच्चों व युवाओं के सामान्य ज्ञान को विकसित, करने हेतु रविवार, 24 अगस्त को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय अवधपुरी सीहोर मे सामान्य ज्ञान की लिखित परिक्षा, प्रतयोगिता का आयोजन किया गया।

अ.भारतीय.क्ष.महा.के अध्यक्ष ठाकुर गणेश सिंह चौहान ने बतया गया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का उद्देश्य समाज, परिवार, देश के विकास मे आज की युवा पीढी का योगदान कैसे ले, ताकि देश समाज, परिवार उन्नतिशील हो सके।

बच्चों मे जैसे संस्कार डालेगे, वही उसके विकास मे सहयोगी होगा। इस प्रतियोगिता मे दो वर्गो मे बाटा था। कथा एक से आठवी तक व नोवी से उच्चस्तर तक या अन्य कोई भी बैठ सकते है। नौनिहालो मे अभी से काम्पटिशन तैयारी की आदत, झिझक दूर होती है।अपसी परिचय का दायरा बडता है। पिछले वर्ष रामचरितमानस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा था। बच्चों व अभिभावको ने सहारा गया। अभी यह आदत मे आजायेगी तो भविष्य मे काम्पटिशन की तैयारी मे सहायक होता है। डा.महेंद्र सिंह राठौड सम्भागिय अध्यक्ष ने प्रतिभागियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चो को उपलब्ध होने से उनके सर्वागिंण विकास मे बहुत साहयक होता है।इस प्रकार की प्रतियोगिताओं मे सामिल होना प्रथम, दुतियाआना मायने नही रखता अपितु भाग लेना और यह सोच कर बैठना कि मै प्रथम आऊगा या मेरा चयन होगा। यह आपके कॉन्फिडेंस को बडाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम, प्रतियोगिताये, क्षत्रिय महासभा आयोजित करती रहती है। इन प्रतियोगिता मे जो बच्चे, प्रथम, द्वितीय, तृतीय आते उन बच्चो को क्षत्रिय महासभा दारा पारिवारिक मिलन समारोह जनवरी मे आयोजित होता है, तब पुरस्कृत करते है।

कार्यक्रम मे आठवी कक्षा तक के लगभग 25-30 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अ.भा.क्ष.महासभा के पदाधिककरी ठाकुर.जितेन्द्र सिंह राठौड, धीरेन्द्र सिंह राजावत, मुकेश दरवार, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, विजय सिंह तोमर, रमेश सिंह चौहान, आनन्द सिंह राजपूत, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, महेंद्र सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान, गजराज सिंह राघव, कृष्ण पाल सिंह सेंगर, सियाराम गौतम, अजीत सिदंल, राकेश तोमर, प्रमिला राठौड, मिथेलश चौहान, नीरजा तोमर, डा.सत्येंद्र तोमर व रविन्द्र राजपूत व बच्चो के अभिभावक उपस्थित हुए।

### उच्च वर्गीय सरपंच पति, सचिव, पटवारी कर रहे हैं दलित को परेशान, तहसीलदार डाल रहे आग में पूला



**सीहोर।** ग्राम लसूडिया धाकड़ के अनुसूचित जाति के एक गरीब व्यक्ति बाबूलाल मालवीय पिता स्व. मिश्री लाल जिसकी कोई संतान भी नहीं है और विकलांग भी है। जिसका एकमात्र बुढ़ापे का सहारा ग्राम में उसके और उसकी पत्नी के नाम पर मात्र 18 डिसमिल भूमि खसरा नंबर 91/3 ही है। उस भूमि पर लसूडिया धाकड़ के कुछ मेवाड़ा एवं बिशन खेड़ा के ठाकुर समाज के लोग सरपंच पति सेक्रेटरी, पटवारी से मिलकर शासकीय रोड बनाना चाहते हैं और सीहोर तहसीलदार ने उसमें आदेश निकालकर आग में पूला डालने का काम किया है। बाबूलाल ने बताया कि विष्णु वर्मा ठाकुर और मेवाड़ा समाज के लोगों को समझा चुके हैं, कि उस निस्हाय, गरीब अनुसूचित जाति के व्यक्ति को परेशान मत करो, आवेदक ने तहसीलदार एसडीएम सीहोर को भी आवेदन दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, यहां तक की कलेक्टर को भी अपनी व्यथा सुना सुनाई वहां से भी रोड नहीं डालने दिया जाएगा का आश्वासन ही मिला। उसका कहना है कि इस अंधी बहरी सरकार में उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आखिरकार कल उसे मजबूर होकर रोड डालने आई पुलिस, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, एवं ठाकुर व मेवाड़ा समाज के लोगों की उपस्थिति में डंपर के सामने रास्ते पर लौट कर जान देने की कोशिश करनी पड़ी। बाबूलाल का कहना है कि मुझ गरीब आदमी को अनुसूचित जाति का होने के कारण परेशान किया जा रहा है। उसने सरकार और प्रशासन से उसके एकमात्र बुढ़ापे का सहारा निजी भूमि पर रोड नहीं डालने की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### बागवानी विकास मिशन के विभिन्न घटकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न घटाको जैसे फार्मगेट पैकहाउस, इन्टीग्रेटेड पैक हाउस, कलेक्शन एग्रीगेशन सेंटर, प्रीकूलिंग यूनिट, मोबाइल प्रीकूलिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, रेफ्रीजेरेटर, ट्रान्सपोर्ट व्हीकल, नॉन प्रेसराईसड रिपेनिग चेम्बर, प्रेसराईसड रिपेनिंग चेम्बर, लॉकोस्ट ऑनिय/गार्लिक स्टोरेज, इन्टेग्रेटेड सपली चेन प्रोजेक्ट, फल क्षेत्र विस्तार आम, अमरूद, नीबू, वर्गीय फसल, संकर सब्जी एवं मसाला क्षेत्र विस्तार, पुष्प एवं प्याज क्षेत्र विस्तार संरक्षित खेती पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस मे सब्जी, गुलाब की खेती, जैविक खेती वर्मी बेड इकाई तथा कृषि यंत्र 20 पीटीओ एचपी तथा ट्रैक्टर पावर टीलर पावर, नैपसेक स्प्रेपम्प पावर नेपसेक स्प्रे, इको फेडली लाईट ट्रेप, सोलर कॉप ड्रायर के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। विभिन्न घटको मे लागत का लगभग 40-50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल पर अपनी कृषक आईडी से योजना से संबंधित ओवदन कर सकते है। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक खसरा बी-1, मोबाईल नम्बर, पासपोर्ट साईज फोटो एवं जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है।

### अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने लगाए पौधे सुरक्षा सूत्र बांधकर बचाने का लिया संकल्प

# मां की बगिया: एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ लगाए पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

करुणाधाम आश्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियो, नर्मदा सेवा समिति ने 150 पौधे रोपे, पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने प्रोत्साहित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा






ग्राम अतरालिया, मंडी के समीप स्थित करुणाधाम आश्रम पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत 150 पौधे लगाए गए। इस अभियान में अधिकारियों , जनप्रतिनिधियों और मां नर्मदा सेवा समिति के सदस्यो एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरु प्रसाद शर्मा पूर्व वन निगम अध्यक्ष के हाथों मन्दिर के पुजारी द्वारा पौधों की विधिवत पूजा अर्चना की, रक्षासूत्र बांधकर पौधा लगाकर पौधरोपण की शुरुआत की गई। करुणाधन आश्रम परिसर में 150 पौधे लगाए गए।

**अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने लगाए पौधे सुरक्षा सूत्र बांधकर बचाने का लिया संकल्प :** एक पेड़ मां के नाम के तहत भैरूंदा तहसीलदार संदीप गौर, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिसकर्मी एवं नर्मदा सेवा समिति के सदस्यो,जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या ग्रामवासियों ने भी एक पेड़ मां के नाम एक,एक पौधा लगाकर पौधरोपण किया। इस दौरान मां नर्मदा सेवा समिति के सदस्यो ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। करुणाधाम आश्रम में रविवार को 150 पौधे लगाए गए हैं। 500 पौधे लगाने का लक्ष्य है।

वहीं मां नर्मदा के तटों पर भी हजारों पौधे लगाने का हमारा लक्ष्य है। पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा की बगिया, एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा।




तहसीलदार संदीप गौर ने पौधरोपण करते हुए ग्रामवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा की एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ यह पौधारोपण अभियान निश्चित रूप से पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने रक्षासूत्र बांधकर बचाने की अपील की।

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने मां के नाम एक पेड़ लगाकर अभियान का महत्व बताते हुए कहा प्रत्येक नागरिक से मां के सम्मान के स्वरूप में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं, उसकी सुरक्षा करने का संकल्प भी लें।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण




**सीहोर।** म. प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के ग्राम बिजलोन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिजलोन के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर ने सहभागिता की। प्रदीप सिंह सेंगर ने मध्य प्रदेश के विकास और जनकल्याण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कृत-संकल्पित है। आज जब पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग की भीषण समस्या चिंतित है, ऐसे में यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक पेड़ माँ के नाम अभियान समेत पर्यावरण संरक्षण की विभिन्न पहलों के द्वारा पूरे विश्व को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से समाधान की राह दिखा रहा है। आइये, आज हम सभी पुनः संकल्प दोहरायें कि अपने जीवन के किसी भी शुभ दिन या उपलब्धि पर पौधारोपण करेंगे। पेड़ - पौधों के अजीवन संरक्षण के साथ ही पर्यावरण संवर्धन के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। इसके साथ ही समिति सदस्यों के माध्यम से पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति प्रतिनिधि भोलाराम त्यागी, सतीश त्यागी, शुभम त्यागी, अभिलाष त्यागी, अभिषेक शर्मा, ऋतिक त्यागी आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय को फर्नीचर उपलब्ध कराया गया



**सीहोर।** शनिवार को शास.सांदीपनि उमावि मनुबेन मंडी सीहोर में आई.डी.बी.आई बैंक के सौजन्य से 50 सेट टेबल एवं कुर्सी सी.एस.आर. के माध्यम से छात्र-छात्राओं के फर्नीचर की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रदाय किये गये। जिससे छात्र-छात्राओं को आ रही फर्नीचर की कमी से राहत मिलेगी प्रायः छात्र/छात्रा प्राचार्य एवं स्टॉफ से फर्नीचर की मांग कर रहे थे प्राचार्य द्वारा इस संबंध में आई.डी.बी.आई. बैंक सीहोर के प्रबंधक अनिरूद्ध सिटोके से चर्चा की गई उन्होने समस्या को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कार्यालय से चर्चा कर तुरन्त विद्यालय को फर्नीचर प्रदाय कराया गया उनके इस महत्वपूर्ण सहयोग हेतु संस्था सांदीपनि विद्यालय द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर एवं शास. आवासीय स्कूल सीहोर के ऊर्जावान प्राचार्य आलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर व आलोक शर्मा द्वारा अपने उदबोदन में शिक्षा विभाग की ओर से बैंक के इस सहयोग के लिए बैंक की प्रशंसा की संस्था प्राचार्य दीप सिंह राठौर, उप प्राचार्य प्रकाश सगवालिया द्वारा शाखा प्रबंधक सिटोके को प्रमाण पत्र एवम मोमेंटो प्रदान किया गया

## पुराने तथा नए सभी मामलों में लगाई जाए गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराएं : पंकज शर्मा



**सीहोर।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि सीहोर में बीते 6 अगस्त को श्री विट्ठलेश सेवा समिति और प्रदीप मिश्रा द्वारा सीहोर से चितावलिया हेमा गांव तक निकाली गई कांवड़ यात्रा में बदइंतजामी से 6 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे लेकिन सीहोर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा समिति और प्रदीप मिश्रा पर कार्रवाई ना करते हुए केवल डीजे संचालकों पर मामला दर्ज कर उन्हें बलि का बकरा बना दिया गया। इस मामले में और इसके पूर्व भी समिति की लापरवाही से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी, लेकिन समिति और प्रदीप मिश्रा पर कभी भी कोई कार्रवाई पुलिस और प्रशासन द्वारा नहीं की गई। इस मामले में समिति और प्रदीप मिश्रा की शिकायत कई बार जिला प्रशासन और पुलिस से की गई, लेकिन फिर भी उनके द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पंकज शर्मा ने कहा कि अब तो ये मामला मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग और न्यायालय तक भी पहुंच चुका है और न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए 13 सितंबर की तारीख तय की है तथा उस दिन पुलिस और प्रशासन से अब तक की गई पूरी कार्रवाई की जानकारी मांगी है, लेकिन पुलिस और प्रशासन के पास न्यायालय को बताने के लिए कुछ भी नहीं है, क्योंकि उन्होंने अब तक इन लोगों पर कोई कार्रवाई ही नहीं की है। पंकज शर्मा ने सीहोर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि वो 13 सितंबर से पहले ही श्री विट्ठलेश सेवा समिति और प्रदीप मिश्रा पर गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करके न्यायालय को रिपोर्ट पेश करें, ताकि सीहोर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की छवि खराब होने से बच सके, क्योंकि इस मामले में न्यायालय द्वारा 13 सितंबर को होने वाली सुनवाई में समिति और प्रदीप मिश्रा पर मुकदमा कायम करने का निर्देश पुलिस और प्रशासन को देने की पूरी संभावना है और यदि न्यायालय के आदेश के बाद मुकदमा कायम होता है, तो इससे ना केवल सीहोर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की बल्कि पूरे सीहोर जिले की छवि खराब होगी। पंकज शर्मा ने सीहोर की छवि खराब होने से बचाने के लिए तत्काल समिति और प्रदीप मिश्रा पर मामला दर्ज कर और अन्य आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय को अवगत कराने की मांग सीहोर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से की है।

## विद्या में स्नान करनेवाला स्नातक है:आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी






**सीहोर।** योग से मनुष्य चार सौ वर्षों की आयु पा सकता है।भौतिक धनसे मनुष्य की तृप्ति कभी सम्भव नहीं है।जिसने विद्या में स्नान कर लिया,वही स्नातक है।यह उदगार रविवार को आर्य समाज के वेद प्रचार सप्ताह के समापन अवसर पर गंज स्थित राठौर धर्मशाला में बिजनौर यू.पी से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने व्यक्त किए। उन्होंने वेदविषयक व्याख्यान में कहा कि ग्रहस्थ सर्वोत्तम आश्रम है,उस पर अन्य आश्रम टिके हैं। वैदिक संस्कृति के गर्भाधान से लेकर अंत्येष्टि तक 16 संस्कारों की सारगर्भित व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर आज्ञा का पालन करते हुए,उसके समीपस्थ रहने का नाम उपासना है। आचार्य वेदार्थी ने आगे कहा कि जब मन निरंतर तीन घंटे एक ही वस्तु पर केंद्रित रहे,तब मनुष्य ध्यान करता है,समाधि लगती है, और ईश्वर के आनंद की वृष्टि होती है।आंतरिक क्रियाओं का नाम योग,संध्या है।उन्होंने कहा कि आज के मनुष्य का मन सोते समय भी चंचल रहता है।स्वप्न रहित निद्रा ही सर्वोत्तम अवस्था है।धर्म,अर्थ,काम व मोक्ष रूपी पुरुषार्थों की अत्यंत व्याख्या कर समझाया। इसके पूर्व भजनोपदेशक प. भीष्म आर्य के भजन₹कैसे उतरे नैय्या,आर-पार कोई घाट न सूझे की प्रस्तुति पर श्रद्धालु आनंद विभोर हो झूम उठे।रविवार को 101जोडों ने यज्ञ में पूर्णाहुति दी। संचालन नरेशआर्य ने किया व आभार रमेश राठौर ने माना।कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता संतोष सिंह,उपप्रधान तरूण जगवानी, मंत्री रितेशआर्य,राजकुमार राठौर आर.एस गौर,बाबूलाल राठौर, राजेंद्र राठौर,मुरारी राठौर,सन्नी राठौर,विजय शास्त्री महिलाएं एवं ग्राम्यांचलों से पधारे बड़ी संख्या में आर्यजन,श्रद्धालु शामिल रहे।

## रक्तदान - महादान की भावना को साकार करने के लिए शिविर लगाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, भैरूंदा शाखा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर पूज्य राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम के आरंभ में भाजपा भैरुंदा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश लखेरा ने शिवप्रिया भवन पहुच कर दादी प्रकाशमणि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान एवं सेवाकार्यों को स्मरण किया। अतिथियों का स्वागत माला दीदी सहित आश्रम की दीदियों और संस्था के स्वयंसेवकों ने आत्मीयता से किया। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदान करने वाले दानदाताओं से भेंट की और उनके इस पुण्य कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा-आज जिन दानवीरों ने अमूल्य रक्त का दान किया है, उनका यह दान किसी को नया जीवन देगा, किसी को स्वस्थ बनाएगा। यह कार्य न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि स्वयं के लिए भी पुण्यशाली है। अंत मे रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट ब्लड रक्तदाताओ द्वारा दिया गया।

### प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण के संबंध में कार्यशाला आयोजित

## मानव सभ्यता की सुरक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है : न्यायाधीश प्रकाशचंद्र आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पर्यावरण सम्बंधी अधिनियम, नियम, प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण के सम्बंध में एडीआर भवन के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पंच-'ज' तत्वों का संतुलन आवश्यक है, जिसमें जीवन जीने के तरीके में सुधार करना भी आवश्यक है। यदि हम मानव सभ्यता को जीवित रखना चाहते है तो पर्यावरण संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है। हमें वृक्षारोपण, जल संरक्षण, वायु शुद्धता के लिए निरंतर कार्य करना होगा, इसके साथ ही प्रदूषण उत्पन्न करने वाले कारकों एवं गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाना होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी हितधारकों एवं संबंधित विभागों को एक मंच पर लाना है एवं समस्याओं पर चर्चा कर समाधान खोजने का प्रयास करना है। कार्यशाला में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई द्वारा पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं कानून बनाये जाने की पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्यशाला के विषय में जानकारी दी एवं प्रतिभागियों से चर्चा कर उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यशाला में सेवानिवृत्त डायरेक्टर पर्यावरण पीके त्रिवेदी द्वारा पीपीटी के माध्यम से पर्यावरण सम्बंधी अधिनियम, नियम, प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण के संबंध में जानकारी दी गई।

### प्रकृति के संरक्षण हेतु माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सीहोर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा ऑथेंटिक पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल ग्राम पचामा में पर्यावरण संरक्षण हेतु ₹माटी गणेश सिद्ध गणेश₹ अभियान के अंतर्गत मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय संचालक हेमेंद्र सिंह तोमर, प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक म. प्र. जन अभियान परिषद, सुनीता धुर्वे इंजीनियर लोक निर्माण विभाग, मास्टर ट्रेनर नीतू मेवाड़ा, सविता यादव, शालू कुशवाहा एवं पंकज रजक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव के आव्हान पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के समस्त विकासखण्डों में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों से ₹माटी गणेश सिद्ध गणेश₹ अभियान अंतर्गत मिट्टी की मूर्तियों के निर्माण हेतु लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिसमें नीतू मेवाड़ा एवं सविता यादव ने सभी को मूर्ति बनाना सिखाया, जिसके पश्चात सभी के द्वारा भगवान गणेश की माटी से निर्मित मुर्ति बनाई गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्फूटन समिति सदस्य एवं विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को मिट्टी की मूर्तियां बनाने हेतु प्रेरित कर मूर्तियों के निर्माण का कुशल प्रशिक्षण दिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथ गृहीता (VANDNA DHADI) वन्दना धाड़ी पति (SUNIL DHADI) सुनील धाड़ी, आयु व्यस्क, निवासी मकान नं. 555, कालका भवन, बी-सेक्टर चाणक्यपुरी, सीहोर, तहसील सीहोर, जिला सीहोर म.प्र.। मेरे पासपोर्ट क्रं. K5922745 में मेरा नाम VANDNA DHARI दर्ज है, जो कि सही नही है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेंरा नाम VANDNA DHADI है जो कि सत्य व सही हैं, मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरे आधार कार्ड के हिसाब मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम VANDNA DHADI परिवर्तित किया जावे।

भवदीय (VANDNA DHADI) वन्दना धाड़ी
निवासी- मकान नं. 555, कालका भवन, बी-सेक्टर चाणक्यपुरी, सीहोर, तहसील सीहोर, जिला सीहोर म.प्र.

## न बनी सड़क, न ही मिला शासन की योजनाओं का लाभ

# प्रशासन की अनदेखी और पुर्नवास का दंश झेलने को मजबूर जीवाजीपुरा के ग्रामीण

### डूब क्षेत्र में आने के कारण 24 वर्ष पूर्व ग्रामीणों का दूसरी जगह होना था पुर्नवास जो आज भी अधूरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

यदि प्रदेश में सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत और पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक उसके लाभ की बात की जाए तो राजगढ़ जिले के सारंगपुर जनपद का जीवाजीपुरा गांव उसका सबसे बड़ा अपवाद होगा। जहां के ग्रामीणों को प्रशासन की अनदेखी के चलते आज भी घास-फूंस के कच्चे मकानों में रहने का मजबूर होना पड़ रहा है या कहें की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। 24 वर्ष पूर्व डूब क्षेत्र घोषित होने के बाद आधे परिवार गांव छोड़कर पुनर्वास स्थल पर चले गए, मगर आज भी करीब 29 परिवार फूस की टपरियों और मिट्टी के मकानों में जीवन-यापन करने को मजबूर हैं। सारंगपुर-संडावता मार्ग से जीवजीपुरा का रास्ता सिर्फ कागजों में ही दर्ज है। गांव तक पहुंचने के लिए झाड़ियों और कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के पास न तो पक्का मकान है और न ही मूलभूत सुविधाएं।

### कुछ को प्रशासन ने दिए थे पट्टे

पुर्नवास न होने के कारण 2021 में कालीसिंध नदी के पानी से गांव जलमग्न हो गया था। उस समय प्रशासन ने कुछ परिवारों को बालोंडी क्षेत्र में पट्टे देकर बसाया, लेकिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। तब से लेकर अब तक कई ग्रामीण मेहनत मजदूरी कर गांव से बाहर जाकर अपनी जिंदगी बसाने में सफल हुए, लेकिन 29 परिवार आज भी वहीं फूस की झोपड़ियों में रह रहे हैं।

### प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों के लिए बना सपना

गरीब और बेघर परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है, लेकिन जीवजीपुरा के ग्रामीण अब तक इससे वंचित हैं। 90 वर्षीय केशरबाई पति नाथूलाल, सुगनबाई पति रमेश, प्रेम सिंह पिता अमरसिंह, दशरथ पिता हरिसिंह और कमलनाथ सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार पुनर्वास और प्रधानमंत्री आवास की मांग की, लेकिन अब तक किसी योजना का लाभ नहीं मिला। पंचायत की ओर से मात्र एक हैंडपंप ही पानी का सहारा है।

### *ग्रामीणों की व्यथा*

*ग्रामीणों का कहना है कि डूब क्षेत्र घोषित होने के बावजूद न तो उन्हें मुआवजा मिला और न ही पुनर्वास की कोई ठोस कार्यवाही हुई। हमने बच्चों की परवरिश फूस की टपरियों में की, आधी जिंदगी इसी आस में गुजर गई कि शासन हमें भी एक पक्का घर देगा, ग्रामीणों ने आंसू भरी आवाज में कहा।*

### *प्रशासन ने दिया योजनाओं का लाभ पहुंचारने का भरोसा*

*इस संबंध में जनपद सीईओ सारंगपुर हेमेंद्र गोविल का कहना है कि वे इस मामले की जानकारी लेंगे और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं एसडीएम सारंगपुर रोहित बम्होरे ने भी आश्वासन दिया कि पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्यवाही की जाएगी।*

**पूर्व से जर्जर था भवन, रात्रि में हुआ हादसा**

# राजगढ़ ब्लॉक के बहादुरपुरा प्राथमिक स्कूल की छत ढही

### मेंटेनेंस संबंधी प्रस्ताव बनाकर उच्च कार्यालयों को भिजवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में पूर्व से चिन्हित जर्जर स्कूल भवनों की छतें, दीवारें ढहने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में राजगढ़ ब्लॉक के जनशिक्षा केंद्र देहरीनाथ की प्राथमिक शाला बहादुरपुरा की छत शुक्रवार रात्रि अचानक भर-भराकर ढह गई। हालांकि, इस हादसे में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। देहरीनाथ संकुल के जनशिक्षक रामबाबू साहू ने बताया कि जिस स्कूल की छत ढही है वो पूर्व से ही अत्यधिक जर्जर होने के कारण हम यहां शाला संचालित नहीं कर रहे थे बल्कि, गांव के ही सुरक्षित घर में कक्षाएं लगवाई जा रही हैं। स्कूल के अत्यधिक जर्जर होने और आवश्यक मेंटनेंस संबंधी प्रस्ताव बनाकर काफी समय पहले उच्च कार्यालयों को भिजवाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व सारंगपुर क्षेत्र के कमलसरा गांव के स्कूल भवन एवं देहरीकराड़ पंचायत के ग्राम डाबरी में जर्जर छतों के ढहने के मामले सामने आ चुके हैं।

### जिले में 526 स्कूलों में मरम्मत की दरकार

जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजगढ़ जिले में 526 ऐसे स्कूल हैं जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है। इन सभी जर्जर भवनों में आवश्यक मेंटनेंस करवाने संबंधी प्रस्ताव बनाकर पूर्व से राज्य शिक्षा केंद्र को भेजा जा चुका है लेकिन वहां से बजट आबंटन नहीं हुआ है। उक्त 526 में से 239 स्कूल तो ऐसे हैं जिनमें मरम्मत करवाया जाना नितांत आवश्यक है।

## कालीतलाई में संपन्न हुआ विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस



**खुजनेर।** विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस ग्राम कालीतलाई में संपन्न हुआ। जिसमें जिला संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी द्वारा विश्व हिंदू परिषद स्थापना के बारे में बताया जिसमें उपस्थित थे। प्रखंड मंत्री गोविन्द सिंह रूहैला, सोनू, वैभव, दिलीप, मनीष, मोहन, अमन, मांगीलाल, रामेश्वर, कमलेश, राहुल, राकेश, ललित, दिपक, शुभम, गोविन्द, सुमित, सुमित, विशाल, नेतिक मोहित दीपक आदि उपस्थित थे।

# संकुल प्राचार्य ने किया पुस्तकालय अवलोकन

### रीडिंग कैंपेन के तहत पारसाना में पुस्तकालय की महत्ता को बढ़ावा दिया

**सुठालिया।** जिले में रीडिंग कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यालयों में पुस्तकालय का नियमित संचालन को प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में शासकीय संदीपनी कन्या उमावि सुठालिया के संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर ने शासकीय हाई स्कूल पारसाना के पुस्तकालय कक्ष का अवलोकन किया। संकुल प्राचार्य ने छात्रों को पुस्तकों के महत्व के बारे में प्रेरित किया और उन्हें मोबाइल का कम उपयोग कर किताबों का अधिक से अधिक अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ने की आदत से न केवल ज्ञान का विस्तार होता है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता भी बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रुचि लेकर पुस्तकालय की गतिविधियों में भाग लिया और शिक्षकों ने भी नियमित रूप से पठन-पाठन की आदत विकसित करने पर जोर दिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर जीवन को बदलने के लिए प्रेरित किया और पुस्तकालय की गतिविधियों में और अधिक रुचि लेने का संकल्प करने के लिए कहा।

## बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने केके मेमोरियल स्कूल की पहल

# बच्चों ने बनाई 100 से अधिक मिट्टी निर्मित गणेश प्रतिमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी गणेशोत्सव को लेकर विभिन्न झांकी समितियों द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि अधिकांश स्थानों पर भगवान गणेश की पीओपी निर्मित प्रतिमाओं का निर्माण हो रहा है जो पर्यावरण के लिए काफी खतरनाक साबित होती हैं।

ऐसे में स्कूली बच्चों को पर्यावरण से जुड़ाव को लेकर स्थानीय केके मेमोरियल स्कूल में बीते 10 वर्षों से शाला के बच्चों को मिट्टी से निर्मित गणेशजी की प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों द्वारा माटी से निर्मित गणेश प्रतिमा को स्कूल में स्थापित करवाया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को बच्चों द्वारा एक घंटे से भी कम समय में मिट्टी के गणेशजी की 100 से अधिक मूर्तियों का निर्माण किया गया। अब इन मूर्तियों को पहले सुखाया जाएगा एवं उन पर कलर, डेकोरेशन इत्यादि उपरान्त बच्चे अपने-अपने घरों में स्थापित करेंगे। विद्यालय प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बच्चों को पर्यावरण की शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण से जोड़ने के उद्धेश्य से समय-समय पर स्कूल में इस तरह के आयोजन करवाए जाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेघा रानी मेवाड़े, पायल चौहान, निशा राजपूत, नंदिनी शर्मा, कविता प्रजापति, अलीसा खान आदि का विशेष सहयोग रहा।

## हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की

# लोक अदालत में बिजली प्रकरणों पर मिलेगी राहत




**नरसिंहगढ़।** आगामी 13 सितंबर को जिले व तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इसके प्रति जागरूकता लाने हेतु शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, न्यायाधीश गौरव अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, स्वाति गोयल, अदिति मंडलोई व मीनू दुबे पचौरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। यह रैली नगर व ब्लॉक स्तर पर लोगों को जागरूक करेगी। बिजली विभाग के डीई रामपाल सिरसाटे ने बताया कि लोक अदालत में उपभोक्ताओं के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा और उन्हें छूट व राहत भी मिलेगी।

# मातृशक्ति महिला भजन मंडलियों को वाद्ययंत्र बांटे

### मंत्री टेटवाल ने किया शुभारंभ, 51 भजन मंडलियों को मिला संगीतमय संबल




**सारंगपुर।** सोसाइटी फॉर सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से बालाजी गार्डन में मातृशक्ति महिला भजन मंडलियों को वाद्ययंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री टेटवाल ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उनकी माताजी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। भजन मंडलियों की महिलाओं ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से वातावरण को भावविभोर कर दिया। संबोधन में मंत्री टेटवाल ने कहा कि भजन मंडलियां केवल भक्ति-गान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सत्संग और आध्यात्मिक संवाद के जरिए समाज में धर्म जागरण और सामाजिक समरसता का संदेश देती हैं। यही हमारी सनातन संस्कृति और भारतीय परंपरा की अमूल्य धरोहर है। मंत्री टेटवाल ने 51 महिला भजन मंडलियों को वाद्ययंत्र वितरित किए और कहा कि यह गर्व का विषय है। मातृशक्ति अपने क्षेत्र में समाज और धर्म जागरण की अग्रणी शक्ति के रूप में कार्य करती रहेगी। आयोजन के माध्यम से न केवल वाद्ययंत्र वितरित किए गए, बल्कि समाज में भक्ति, संस्कृति और एकता का सशक्त संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर रेखा टेटवाल, कार्यक्रम प्रभारी नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, नीलम सक्सेना, सोसाइटी के उपाध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, सचिव सुशील व्यास सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, भजन मंडली की सदस्याएं तथा सारंगपुर विधानसभा के सभी मंडलों से महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बालू सिंह गुर्जर बने गुर्जर समाज नवयुवक समिति के अध्यक्ष

**माचलपुर।** गुर्जर समाज नवयुवक समिति की बैठक नगर के देवनारायण मंदिर पर आयोजित की गई। जिसमें 26 अगस्त को गुर्जर सम्राट प्रतिहार मिहिर भोज जयंती मानने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही नवयुवक समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष बालू सिंह, सचिव कचनारिया कार्यकारी अध्यक्ष देव सिंह पटेल बामनयाखेडी उपाध्यक्ष जुझार सिंह गुर्जर जैतपुरा सचिव इंद्रसिंह गुर्जर डूंगरी कोषाध्यक्ष देवसिंह पटेल से सचिव अर्जुन सिंह भरूगढ़ गोविंद सिंह मोहाली से कोषाध्यक्ष भगवान सिंह भगोरी प्रेम नारायण कुंडलिया संगठन प्रभारी इंदरसिंह लिंबोदा सुरेंद्र सिंह माचलपुर मीडिया प्रभारी घनश्याम गुर्जर माचलपुर सहसंगठन प्रभारी गोवर्धन सिंह कालिकाबे देवकरण गुर्जर मोहली प्रचार प्रसार प्रभारी अर्जुन सिंह मोहली राधेश्याम मोहली व्यवस्थापक कालू सिंह मल्हारपुरा हेमराज कचनारिया मानसिंह कुंडलिया लक्ष्मण सिंह माचलपुर ऊकारलाल कुंडलिया को समिति में स्थान दिया। साथ ही उपस्थित समाजजनों द्वारा पूरी कार्यकारिणी को बधाई शुभकामनाएं प्रदान की वही कार्यकारिणी गठन होने पर उपस्थित वरिष्ठजनों ने समाज में फैली कुरुतियो को दूर कर समाज में एक नई जागृति लाने का प्रयास करे साथ ही समाज के आने कार्यक्रमों को हर्ष उल्लास के साथ मानने और कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप में मानने की बात कही।

## प्रांत स्तरीय कराते प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**ब्यावरा।** प्रांत स्तरीय कराते प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, ब्यावरा के 9 भैया-बहनों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए इनमें से 7 भैया-बहनों का चयन क्षेत्रीय स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों में अवनीश नायक, राजवीर लववंशी, अभिषेक मीना, वंश लववंशी, पिंकी लववंशी, साधना मीना और पलक कंडेरा शामिल हैं।वहीं, रजत पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अंजना यादव और सिद्धांत मीना का नाम उल्लेखनीय है। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थी आगामी क्षेत्रीय स्तरीय कराते प्रतियोगिता में मध्यभारत प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो कि 28 अगस्त से 30 अगस्त तक विदिशा में आयोजित होगी। इस अवसर पर विद्यालय समिति अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी, समिति सचिव अशोक दांगी, विद्यालय प्राचार्य राजीव यादव, वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र झाला, खेल शिक्षक किशन बैरागी तथा संरक्षक दीदी प्रीति शुक्ला सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई।

## जितेंद्र नामदेव का निधन



**नरसिंहगढ़।** नगर के निवासी जितेंद्र नामदेव का बीती रात्रि को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम पर किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार व नगरवासी ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनको मुखाग्नि बेटे दामन ने दी।

## कलेक्टोरेट सभागार में प्रगतिशील पेंशनर्स संघ की बैठक आयोजित



**राजगढ़।** कलेक्टोरेट सभागार में शनिवार दोपहर प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम पेंशनरों ने जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा को हार-माला पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया। बैठक के दौरान पेंशनरों ने अपने विभिन्न समस्याएं प्रशासन के सम्मुख रखीं। संगठन उपाध्यक्ष राजेंद्र जोशी ने बताया कि जिलाधीश डॉ. मिश्रा से मांग की गई कि वे स्वास्थ्य विभाग को पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन हेतु निर्देशित करें। इसके साथ ही बैठक में डे-केयर सेंटर का प्रस्ताव भी रखा गया साथ ही पेंशनरों ने अपनी-अपनी समस्याएं कलेक्टर के सम्मुख रखीं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी समस्याओं, सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उनके निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में संगठन जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव गिरिराज जोशी काका, ब्लॉक अध्यक्ष स्वयं प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष घनश्याम बामनगया, ब्यावरा ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र खटीक सहित अन्य उपस्थित थे।

## टीन से निर्मित दुकानें लगाकर रोजाना बढ़ रहे थे कब्जे

# नगर पालिका ने भारत माता चौराहे के आसपास का अतिक्रमण हटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




नगर के मेन मार्केट सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। इस अतिक्रमण के कारण सड़कें सकरी होने से जहां आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं चौराहों की सुंदरता और रौनक भी खत्म हो रही है।

स्थानीय खिलचीपुर नाके के समीप भारत माता चौराहे के आसपास भी कुछ लोगों ने टीन की दुकानें लगाकर धीरे-धीरे अतिक्रमण करना शुरू कर दिया था। नगर पालिका को इस बारे में शिकायत मिलने पर शनिवार को सीएमओ पवन अवस्थी ने स्वयं मौके पर खड़े रहकर चौराहे के आसपास रखी गुमठियों को पीछे शिफ्ट करवाते हुए चौराहे को अतिक्रमण मुक्त करवाया। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में यातायात का अत्यधिक दबाव होने एवं उस पर लगातर बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई थी।

### पुराने बस स्टैंड पर फिर से होने लगा अतिक्रमण

स्थानीय पुरा क्षेत्र में पुराने बस स्टैंड पर तत्कालीन कलेक्टर निधि निवेदिता के कार्यकाल में समूचे अतिक्रमण को हटवा दिया गया था। लोग फिर से अतिक्रमण न कर लें इसके लिए शासकीय स्थानों के आसपास फैंसिंग भी करवाई गई थी लेकिन लोगों ने फैंसिंग तक को तोड़कर पुनः अपनी दुकानें लगाते हुए यहां अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। अतिक्रमणकारी धीरे-धीरे यहां अतिक्रमण को विस्तारित करते ही जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका ने मांग की है कि उक्त अस्थाई अतिक्रमण को अगर अभी नहीं हटाया गया तो धीरे-धीरे यह अतिक्रमण स्थाई रूप ले लेगा जिसे हटाना बाद में प्रशासन के लिए टेड़ी खीर साबित हो सकता है।



## विधायक अमर सिंह यादव ने 62 छात्राओं को वितरित की साइकिल

**खुजनेर।** राजगढ़ के विधायक अमर सिंह यादव ने खुजनेर स्थित कन्या शाला स्कूल आयोजन से पहले छात्रों ने पुष्प कमल से विधायक अमर सिंह यादव का स्वागत किया। समारोह के दौरान छात्राओं को 62 साइकिलें वितरित कीं। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाना और उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। विधायक यादव ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की कुंजी है, और उनका प्रयास है कि कोई भी छात्रा संसाधनों की कमी के कारण स्कूल न छोड़े। उन्होंने यह भी कहा कि साइकिल मिलने से न सिर्फ उनका समय बचेगा, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बनेंगी। वही स्कूल में पदस्थ शिक्षिकाओं ने पौधरोपण का आयोजन भी किया।

खबर संक्षेप

## महामंडल विधान का हुआ समापन

**आष्टा।** नगर के श्रीचंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज के सानिध्य में 24 दिवसीय चौबीस तीर्थंकर महामंडल विधान के अंतर्गत शनिवार को अंतिम तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक श्री 1008 महावीर भगवान की पूजा भक्ति और आराधना एक साथ 24 परिवारों के द्वारा की गई । साथ ही विश्व शांति महायज्ञ के साथ इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ। जिसमें मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिनका ज्ञान वर्धमान हो गया है वह जीव अनंत सुख और जिनका ज्ञान अल्पज्ञ हैं। जो वर्धमान को प्राप्त नहीं कर पाया वह जीव इंद्रिय सुख का अनुभव करते हैं। जब जीव का सामूहिक पुण्य का उदय होता है तभी बड़े - बड़े धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। सभी श्रावक एक साथ मिलकर सामूहिक पुण्य का अर्जन करते हैं। उन्होंने पूर्व भव में सम्यकज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चारित्र को नहीं समझा। जैसे हम और आप इस संसार में परिभ्रमण कर रहें हैं,वैसे वह भी इस संसार में परिभ्रमण करते रहें।

## मिट्टी के गणेश बनाने दिया प्रशिक्षण

**सीहोर।** मिनर्वा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मिट्टी के गणेश बनाने का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हुआ। इसमें वार्ड पार्षद मुकेश मेवाड़ा, वरिष्ठ समाज डॉ. विजेंद्र जायसवाल व बड़ी संख्या में अभिभावक और शाला परिवार स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मिट्टी की मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शाला संचालक राजेंद्र प्रजापति, पार्षद मुकेश मेवाडा, शाला प्राचार्य क्षमता तिवारी, डॉ. विजय जायसवाल ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां पर्यावरण को नुकसान पहुंचती हैं। मिट्टी की मूर्तियां पर्यावरण के अनुकूल होती हैं और आसानी से पानी में घुल जाती हैं।

### नपा ने नगर को दी स्वर्ग रथ और गो-ग्रास संग्रहण वाहन की सौगात

# अपने घरों से बचे हुए भोजन को गो-ग्रास संग्रहण वाहन में डालने की अपील

नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में परिषद ने एक अतिरिक्त शव वाहन क्रय करने का निर्णय लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





हमारा नगर दिनोंदिन प्रगति के साथ-साथ क्षेत्रफल की दृष्टि में भी काफी वृहद आकार ले चुका है। नगर में एकमात्र व्यवस्थित शमशान है, जिस पर समीप के लोगों को तो सुविधा हो जाती है, किंतु अनेक कॉलोनियां ऐसी है जो शमशान स्थल से लगभग 3 से 4 किलोमीटर दूर है। ऐसी स्थिति में शवयात्रा शमशान तक लाने में काफी परेशानियों से नागरिकों को जूझना पड़ता था। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में परिषद ने एक अतिरिक्त शव वाहन क्रय करने का निर्णय लिया जिसका आज आप सभी वरिष्ठजनों की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने स्वर्ग रथ शव वाहन एवं गौग्रास संग्रहण वाहन के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, वरिष्ठ पार्षद हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल, भाजपा जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, गोपालदास राठी, पारसमल सिंघवी, शेषनारायण मुकाती, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जनपद उपाध्यक्ष गजराजसिंह पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, नारायण मुकाती, संतोष झंवर, नगर पुरोहित मनीष पाठक का भगवा दुपट्टा डालकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम को उपस्थित अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया। गौ-ग्रास संग्रहण वाहन की भी नगर को मिली सौगात - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकतर देखने में आता है नगर में विचरण करते हुए गौमाताएं नागरिकों के घरों तक पहुंचकर अपने पेट की भूख मिटाने का प्रयास करती है। परिषद द्वारा गौमाता के हित में एवं नगरवासियों को गौमाता के प्रति आस्था को जाग्रत करने के उद्देश्य से गौ-ग्रास संग्रहण वाहन क्रय करने का निर्णय लिया जिसका भी आज शुभारंभ हुआ है।

अब गो-ग्रास संग्रहण वाहन संपूर्ण नगर में भ्रमण कर गोमाताओं के लिए भोजन संग्रहण का कार्य करेगा और वह भोजन गोशाला में या एक निश्चित जगह चिन्हित कर वहां खाली कर गोमाताएं गो-ग्रास का ग्रहण आसानी से कर सकेंगी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए आग्रह किया है कि अब अपने घरों में बचने वाले भोजन को हर कहीं नही फेंकते हुए बचे हुए भोजन को गौ-ग्रास संग्रहण वाहन में ही डाले, ताकि आपके बचे हुए भोजन से गौमाताओं की सेवा हो सकें और उसका धर्मलाभ आपको प्राप्त हो सकें। दोनों ही वाहनों का नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पार्षदगण कमलेश जैन, अरशद अली, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, लता मुकाती, कैलाश सोनी जयश्री, सुनील सेठी, महेन्द्र शर्मा, शिवनारायण मेवाड़ा, पूर्व पार्षद रवि सोनी, माखन कुशवाह, रूपेश राठौर, धनरूपमल जैन, नरेन्द्र कुशवाह, रमेशचंद्र भूतिया, मनोहर पटेल खड़ी, मोहित सोनी, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, कालू सोनी, अनिल धनगर, सतीश सोनानिया, महेन्द्र परमार, गिरजा कुशवाह, मनोज ताम्रकार, नीलेश खंडेलवाल, मनीष धारवां, राकेश प्रजापति, मनीष डोंगरे, पवन यादव, रूपाली चौरसिया, सुमित मेहता, अवनीश पिपलोदिया, भगवतसिंह मेवाड़ा, अनिल यादव, मोंटी धारीवाल, चेतन छाजेड़, सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, नपा कर्मचारीगण मौजूद थे। संचालन कुशलपाल लाला ने किया तथा आभार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने व्यक्त किया।

# सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने किया जटिल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





हमेशा सुर्खियों में रहने वाला करोड़ों रुपए की बिल्डिंग में संचालित आष्टा विधानसभा का सबसे बड़ा सिविल हॉस्पिटल इन दिनों सकारात्मक बदलाव की नई कहानी गढ़ रहा है और यह सब हो रहा है नई सोच और ऊर्जा से लबरेज युवा डॉक्टरों की टीम की चलते।

आपको बता दें की वर्तमान दौर में आष्टा स्वास्थ विभाग की बागडोर युवा डॉक्टर बीएमओ अमित माथुर के हाथों में है वही सिविल अस्पताल में अनुभव से भरी युवा डॉक्टरों की एक अच्छी खासी टीम भी है ऐसे में अब सिविल अस्पताल आष्टा में जटिल से जटिल बीमारी के ऑपरेशन भी करना इन डॉक्टरों टीम ने शुरू कर दिए है ऐसा ही ताजा मामला बीते शुकवार का है जहां आष्टा निवासी संतोष दमाड़िया का इस युवा डॉक्टरों की टीम ने सफलता पूर्वक अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया। बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया की अपेंडिक्स बीमारी से पीड़ित एक युवक 3 अस्पतालों में असफल इलाज कराने के बाद निराश होकर सिविल अस्पताल आष्टा में आया। जब पता चला कि युवक को अपेंडिक्स है तो डॉ अमित माथुर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी और सर्जन डॉ भूपेन्द्र परमार ने डॉ जयदिप सिसोदिया के साथ मिलकर जटिल मुश्किल भरे अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन किया।

डॉक्टर अमित माथुर ने आगे बताया की युवक को पेट अधिक होने एवं अपेंडिक्स अत्यधिक बड़ा होने के कारण अपेंडिक्स लिवर के पीछे चला गया था।परन्तु डॉक्टरों टीम ने सफलता पूर्वक युवक का सफल ऑपरेशन किया। लिहाजा सिविल अस्पताल की स्वास्थ सेवाओं में आ रहे बदलाव के चलते शहर में इन युवा डॉक्टरों की टीम की तारीफे हो रही है तो दूसरी और आम जनता आगे भी अन्य स्वास्थ व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद भी लगा रही है।

## करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर का किया स्वागत



**जावर।** करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर विदिशा जाते समय जावर जोड़ पर रुके तो करणी सेना जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान, सरपंच राजा ठाकुर के नेतृत्व में स्वागत किया गया एवं केई विषय में चर्चा की गई जिसमें उपस्थित करणी सेना के कार्यकर्ता जवाल सिंह, शिशुपाल सिंह, अंकुश सिंह एवं करणी सेना के अनेक कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से स्वागत किया गया।

# न्यायालय परिसर में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन में विजय डांगी जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के द्वारा न्यायालय प्रांगण, आष्टा में विधिक साक्षरता शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा जैन, न्यायाधीश ऋचा शर्मा एवं अभिभाषक संघ आष्टा अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, सचिव कुलदीप शर्मा, उपाध्यक्ष लखनलाल खंडारे, अभिभाषक संघ के सदस्यगण, स्वास्थ्य विभाग डॉ. हरीश परमार, विनोद विश्वकर्मा, गोलू मेवाड़ा, न्यायलयीन कर्मचारीगण पक्षकारगण उपस्थित रहे। लगाए गए उक्त शिविर में 120 लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर एवं 20 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। न्यायाधीश श्री डांगी द्वारा अभिभाषकगण एवं कर्मचारीगण को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण एवं डॉक्टर का परामशर् समय समय पर लेना चाहिए जिससे कि बीमारियों से बचाव किया जा सके।

## केशोपुर की घटना को लेकर 26 को भीम आर्मी करेगी घेराव

**आष्टा।** बीते दिनों केशोपुर रोलखेड़ी में सरकार की गाइड लाइन के तौर पर समस्त ग्रामवासी को प्लाट वितरण किया जाना था। जिसको लेकर एसडीएम भी वह गए थे। लेकिन उनके जाने के तुरंत बाद ही वह के असामाजिक तत्वों ने दलित समुदाय पर हमला कर दिया था। इसको लेकर अब वाद विवाद बढ़ता जा रहा है। अब भीम आर्मी ने 26 अगस्त को एसडीओपी कार्यलय का घेराव करने की कॉल दे दी। इसको लेकर जब भीम आर्मी के नेता संजय अम्बेडकरवादी से जब बात की तो उन्होंने बताया कि यह घटना गांव के भाई चारे को खत्म करने की साजिश थी। लिप्त व्यतियों पर कार्यवाही न करते हुए टीआई ने दलित समाज के लोगो पर ही एफआईआर कर दी। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार तक नही किया गया। 26 अगस्त को एसडीओपी कार्यलय का घेराव का मैसेज वायरल किया तब जाकर प्रशासन ने खानापूर्ति की ओर कुछ लोगो ने नाम एफआईआर में बढ़ाये लेकिन हम इससे भी सहमत नही है इस घटना के विरोध में हमारे भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सुनील अस्तेय समेत क्षेत्र के कई लोग शामिल होंगे और इन असामाजिक तत्वों को मुह तोड़ जवाब दिया जाएगा हमारी प्रमुख मांगे यह है कि हमारे 4 लोगो पर एफआईआर हुई उसे निरस्त किया जाए।

# शांति सरोवर में लगा रक्तदान शिविर, दिए प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रक्तदान - महादान के उद्देश्य को सार्थक करने हेतु आज राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्रजापति ईश्वरीय विश्व विद्यालय की आष्टा शाखा द्वारा आज शांति सरोवर पर रक्तदान अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शांति सरोवर पहुचे। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान,कार्यो का स्मरण किया। शांति सरोवर में लगाये गये रक्तदान शिविर में पहुचे विधायक का शांति सरोवर की प्रमुख दीदी कुसुम दीदी सहित सभी दीदीयों व संस्था के स्वयंसेवको ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक रक्तदान करने वाले दानदाताओं से मिले एवं उनके रक्तदान महादान कार्य की प्रशंसा की एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने रक्तदान करने वाले दानदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की जिन रक्त दान करने वाले दानदाताओं ने अमूल्य रक्त का दान किया। निश्चित उनके द्वारा किया गया रक्तदान किसी को नया जीवन देगा,किसी को स्वस्थता प्रदान करेगा और इसके पुण्यशाली आप होंगे क्योकि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के नये जीवन का कारण बनेगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने शांति सरोवर परिवार के सभी सदस्यो को धन्यवाद दिया कि इस पुण्य के कार्य मे मुझे आमंत्रित कर सहभागिता का अवसर प्रदान किया।

# वन अमले ने वाहन सहित पकड़ी लकड़ी, आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



सिद्धिगंज वन विभाग कर्मचारी द्वारा मुखबिर की सूचना पर श्यामपुर मगरदा और धर्मपुरी जोड़ के बीच गुराडिया राव धर्मपुरी बीट के पास एक बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध रूप से खेर की लकड़ी का परिवहन करते हुए पाई गई। जिसमें आरोपी वाहन चालक आदिल पिता साकिर खान निवासी उज्जैन व अन्य दो साथी के साथ सूरज पिता अंतर सिंह जाति बंजारा ग्राम उमरदड़ व बजे सिंह पिता मांगीलाल जाती बंजारा निवासी उमरदड़ को मुखबिर की सूचना पर करीब सुबह 5 घेराबंदी कर पिकअप में भारी खेर की लकड़ी सहित पकड़ा गया। वन अपराध प्रकरण में 23 अगस्त को पंजीकृत तीनों आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में 2280 किलोग्राम खेर की लकड़ी एवं एक बोलेरो पिकअप जप्त की गई। जिसकी कीमत 766000 हजार रुपए आंकी गई है। वही सिद्धिगंज डिप्टी रेंजर छगन सिंह भिलाला द्वारा बताया गया कि वन मंडली अधिकारी व वन परिक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर यह खेर की लकड़ी और एक बोलेरो पिकअप गाड़ी जप्त की गई। जिसमें डिप्टी रेंजर छगन सिंह भिलाला, विजय कुमार वर्मा वनरक्षक, देवेंद्र नायक वनरक्षक, राहुल परमार वनरक्षक, जितेंद्र ठाकुर, फैजल बर्नी, चंचल चंदेल व बीट हेल्पर द्वारा गहरा बंदी कर गाड़ी को जब्त किया गया।

### बाठिंया परिवार ने कल्पसूत्र महाशास्त्र का चढ़ावा प्राप्त कर लिया धर्म लाभ

# कल्पवृक्ष के समान फलदाई कल्पसूत्र महाशास्त्रः भंडारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महिदपुर रोड श्री धर्मनाथ स्वामी जैन मंदिर कांच वाला में पर्युषण महापर्व के चतुर्थ दिवस पर धर्मसभा में उपस्थित समाज जनों को वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने कल्पसूत्र महाशास्त्र का अर्थ बताते हुए कहा कि यह साक्षात कल्पवृक्ष के समान फलदाई होता है श्रद्धा विधि पूर्वक 21 बार इसका श्रवण करने से व्यक्ति शास्वत सुखों को प्राप्त करता है। पर्यूषण महापर्व के 10 कर्तव्य के बारे में विस्तृत से समझाया गया भाटिया परिवार द्वारा कल्पसूत्र ओहराने का लाभ लिया गया एवं पांच ज्ञानो का पूजन विधि विधान से लाभार्थी परिवार द्वारा किया गया रविवार को भगवान महावीर स्वामी जी का जन्म वाचंन समारोह सकल धर्मनाथ जैन श्री संघ द्वारा दोपहर 1:30 बजे हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाएगा जिसमें त्रिशला माता द्वारा देखे गए14 महासपना एवं पालना जी का चढ़ावा बोला जाएगा पश्चात परमात्मा की आरती सकल जैन श्री संघ के सुबह के स्वल्पाहार एवं संध्या को सा धार्मिक वात्सल्य का आयोजन जैन भवन में किया जाएगा एवं रात्रि में प्रभु भक्ति एक शाम प्रभु महावीर के नाम भक्ति संध्या का भव्य आयोजन संगीतकार ऋषभ जैन राणावत सचिन भंडारी द्वारा किया जाएगा उक्त कार्यक्रम वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी एवं ऋषभ जैन राणावत के सानिध्य में संपन्न किया जा रहे हैं उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# विनम्र समाजसेवी बद्रीलाल पाटीदार से अपूरणीय क्षति हुईः परमार

### परिजनों को सौंपा श्रद्धांजलि पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सामाजिक सरोकारों से जुड़े तथा कृषि और व्यवसाय के क्षेत्र में सफल रहे समाजसेवी बद्रीलाल पाटीदार का विगत दिवस देहावसान हुआ था । पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।कैलाश परमार मित्रमंडल ने उनके पुत्रगण तेजसिंह एवम श्रवण पाटीदार को श्रद्धांजलि पत्रक सौंप कर शौक संतप्त परिवार को सांत्वना दी ।रविवार को स्वर्गीय बद्रीलाल पाटीदार के उत्तरीय कार्यक्रम में हुई श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके सक्रिय जीवन , मधुर और विनम्र व्यवहार तथा समाजसेवा में गहरी रुचि का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर कैलाश परमार ने कहा कि दिवंगत बद्रीलाल पाटीदार जी कृषक पृष्ठभूमि के हो कर भी आष्टा नगर में कृषि से जुड़े व्यवसाय में संलग्न हुए और सामाजिक तथा राजनीति के क्षेत्र में भी पहचान बनाने में सफल रहे । उनक निधन से नगर को अपूरणीय क्षति हुई है ।इस अवसर पर पूर्व पार्षद शैलेश राठौर , प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति , नरेंद्र पोरवाल , मधुसूदन परमार , संजय जैन किला , मोतीलाल पाटीदार , कमल पाटीदार, सुनील जैन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।